राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-7490923915
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात, संस्करण बुधवार 08 जुलाई 2026 वर्ष-9,अंक-156 पृष्ठ-08 मूल्य-01 रूपये

Website : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

पहला कॉलम



## मुनीर को कहां से मिली भारत को धमकाने की ताकत?

**नई दिल्ली।**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत से मुंह की खा चुके पाकिस्तान की सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इतना आत्मविश्वास कहां से मिल रहा है? कि वे भारत के खिलाफ बोल सकें। कहीं इसके पीछे यूक्रेन का वह अप्रत्याशित सहयोग तो नहीं है, जिसे भारत ने कुछ महीने पहले उजागर किया था। भारतीय सीमा पर अपने लगभग 600 ड्रोन गंवाने के बाद, ऐसी खबरें हैं कि यूक्रेन अब पाकिस्तानी सेना को आधुनिक ड्रोन युद्ध में प्रशिक्षित कर रहा है। ऐसे में यह जानना महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन आखिर पाकिस्तानी सेना को कौन सी नई रणनीतियाँ सिखा रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास इतना बढ़ गया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर, सिंधु नदी समझौता रद्द होने की संभावना से बौखलाए हुए प्रतीत होते हैं। हाल के बयानों में वह भारत के खिलाफ हर तरीका इस्तेमाल करने की धमकी दे रहे हैं, जिससे उनकी आक्रामक मानसिकता स्पष्ट होती है। हालांकि, यह सवाल उठता है कि पिछले साल, पाकिस्तानी सेना ने भारत के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और आधुनिक साजिश रचने का प्रयास किया था, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया था। पाकिस्तान ने भारतीय सीमाओं के भीतर महत्वपूर्ण सैन्य और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के लिए एक साथ लगभग 600 ड्रोन्स का इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी। हालांकि, पाकिस्तानी सेना का यह संपूर्ण ड्रोन ऑपरेशन एक बहुत बड़ी विफलता साबित हुआ। पाकिस्तानी सेना के अधिकांश ड्रोन या तो भारतीय सेना ने सीमा पर ही मार गिराए, या फिर वे तकनीकी कमियों और खराब रखरखाव की वजह से खुद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हालांकि, कुछ ड्रोन्स का मलबा रिहायशी इलाकों में गिरने से आम नागरिकों को थोड़ा नुकसान अवश्य हुआ, लेकिन कुल मिलाकर भारत ने पाकिस्तान के इस मेगा ड्रोन प्लान को पूरी तरह से विफल कर दिया। इस करारी हार ने पाकिस्तानी सेना को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि उनकी मौजूदा ड्रोन तकनीक और रणनीति भारत के सामने बेहद कमजोर और अप्रभावी है।

## यूपी विस चुनाव राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को भुनाएगी सपा

### पिछले लोस चुनाव में अयोध्या वाला फॉर्मूला

**लखनऊ।**

अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला भाजपा के लिए जबरदस्त डेंट माना जा रहा है। पार्टी इससे कैसे निपटेगे ये वो जाने, लेकिन विपक्षी दल इसे भुनाने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने तो इसके लिए बैठकें शुरु कर दी हैं। रणनीति बनाई जाने लगी है। इसी रणनीति के तहत सपा विधानसभा चुनाव में 100 सीटों पर दलित, पिछड़े और मुस्लिमों को टिकट देने का मन बना रही है। वजह ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने अपने दलित समाज के अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा गया और उन्होंने अयोध्या में जीत दर्ज की। इसी तरह मेरठ की सामान्य सीट पर भी दलित उम्मीदवार ने बेहद कड़े मुकाबले में विरोधी दल को कड़ी टक्कर दी थी। अब इसी सफल अयोध्या प्लान को आगामी विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर दोहराने की योजना है।

फिर इस बार तो अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला पूरे देश में गरमा रहा है। ऐसे में सपा की नजर वोट बैंक पर टिक गई है। इसी विशेष रणनीति के अनुसार, समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित 84 सीटों और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित 2 सीटों के अलावा 14 सामान्य सीटों पर भी दलित समाज के उम्मीदवारों को टिकट देगी। सपा ने यह प्रयोग पिछले लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) सीट पर किया था, जहां सामान्य सीट होने के बावजूद दलित समाज के अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा गया और उन्होंने जीत दर्ज की। इसी तरह मेरठ की सामान्य सीट पर भी दलित उम्मीदवार ने बेहद कड़े मुकाबले में विरोधी दल को कड़ी टक्कर दी थी। अब इसी सफल अयोध्या प्लान को आगामी विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर दोहराने की योजना है।

## सोनीपत में उपभोक्ताओं को सरेंडर करना होगा गैस कनेक्शन

**सोनीपत ।**

गोहाना शहर के उन तमाम इलाकों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण खबर है, जहां पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा पहुंच चुकी है। सरकार के नए नियमों के मुताबिक, आगामी 13 सितंबर के बाद ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर की सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। नए दिशा-निर्देशों के तहत अब किसी भी एक ही घर में घरेलू एलपीजी और पीएनजी दोनों सेवाओं का एक साथ उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। इस आदेश के बाद अब पीएनजी नेटवर्क वाले क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को अनिवार्य रूप से अपना पुराना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा, और ऐसा न करने की स्थिति में उनकी गैस सप्लाई को रोक दिया जाएगा।शहर के कुल 23 वार्डों में से अधिकांश हिस्सों में पीएनजी की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और तेजी से नए कनेक्शन दिए जा रहे हैं। गोहाना में वर्तमान में एलपीजी के तीन प्रमुख वितरकों द्वारा गैस सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है और शहर में लगभग 25 हजार से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता सक्रिय हैं।

# इंडो-पैसिफिक में नया अध्याय लिखने की तैयारी में भारत!

### – जकार्ता में मोदी नीति- संसद से सीधे जनता तक

**जकार्ता।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा का दूसरा दिन भारत-इंडोनेशिया संबंधों के इतिहास में एक नया मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। आज का दिन राजनीतिक, रणनीतिक और जनसंपर्क (पीपुल-टू-पीपुल कनेक्ट) तीनों ही लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, जो दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। आज दिन की शुरुआत राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो और प्रधानमंत्री मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता से होगी। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) क्षेत्र में बदलते समीकरणों के बीच दोनों देशों की यह मुलाकात बेहद अहम है। इस बैठक में मुख्य रूप से इन मुद्दों पर चर्चा होनी है जिसमें रक्षा और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाना, व्यापार-निवेश और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए साझा कदम उठाना है।द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया की संसद 'कोम्प्लेक्स पार्लेमेन रिपब्लिक इंडोनेशिया' पहुंचेंगे।

वहां वे सांसदों को एक विशेष कार्यक्रम के तहत संबोधित करेंगे। पीएम मोदी का यह संबोधन भारत-इंडोनेशिया की लोकतांत्रिक साझेदारी के साथ-साथ दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को एक नई दिशा देने वाला माना जा रहा है। संसद का यह संबोधन दोनों देशों के बीच केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, बल्कि विधायी और लोकतांत्रिक स्तर पर भी संबंधों को मजबूत करेगा। प्रवासी भारतीयों से संवाददिन के अंतिम पड़ाव में प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता में भारतीय समुदाय के एक बड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अपने इस संबोधन में प्रधानमंत्री भारत की तेज विकास यात्रा और वैश्विक मंच पर देश की बढ़ती धाक का जिक्र करेंगे। साथ ही, वे भारत-इंडोनेशिया के सदियों पुराने



सांस्कृतिक और जन-जन के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने पर जोर देंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा से न केवल दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध मजबूत होंगे, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में भारत की एक्ट ईस्ट नीति को एक नई गति मिलेगी।


# बांग्लादेश की हिमाकत- जम्मू-कश्मीर को दिखाया पाक का हिस्सा

### भारत ने जताई आपत्ति कहा- ये बिलकुल स्वीकार नहीं

**ढाका ।**

भारत के अहसानों तले दबे बांग्लादेश की हिमाकत देखिए.. कि उसने भारत का अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बता दिया। ढाका में आयोजित एक सेमिनार में भारत की क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देते हुए एक ऐसा नक्शा प्रदर्शित किया, जिससे भारत का आक्रोशित होना स्वाभाविक था। राजधानी में एक रणनीतिक मामलों के सेमिनार के दौरान उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई, जब प्रस्तुति में जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का अभिन्न अंग दर्शाया गया। भारत ने इस गंभीर उल्लंघन पर तत्काल और कड़ा विरोध दर्ज कराया।

भारतीय उच्चायोग की एक अधिकारी ने कार्यक्रम के बीच में ही खड़े होकर स्पष्ट शब्दों में कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अविभाज्य और अभिन्न अंग है, और इस प्रकार का कोई भी नक्शा पूरी तरह से भ्रामक और अस्वीकार्य है। जैसे ही यह आपत्तिजनक नक्शा स्क्रीन पर आया, भारतीय उच्चायोग में सेकेंड




सेक्रेटरी (पॉलिटिकल एंड इंफॉर्मेशन) पूजा कुमारी झा ने बिना किसी विलंब के अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने जोर देकर कहा कि यहां भारत का जो नक्शा प्रस्तुत किया गया है, वह तथ्यात्मक रूप से गलत है। पूजा कुमारी झा ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अविभाज्य और मौलिक हिस्सा है, और इसलिए यह प्रस्तुति पूरी तरह से असत्य और अस्वीकार्य है। भारतीय अधिकारी की इस सशक्त आपत्ति के बाद, कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रतिभागियों और गणमान्य व्यक्तियों का ध्यान तुरंत इस संवेदनशील मुद्दे की ओर गया।

## चढ़ावा चोरी कृष्ण मोहन को बनाया महासचिव 10 महीने पहले ही ट्रस्ट में हुए थे शामिल

### साल 2024 में जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई तब वह यजमानों में शामिल थे

**अयोध्या।**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद सितंबर 2025 में उनकी जगह रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को ट्रस्टी बनाया गया है। महज 10 महीने में ही वह ट्रस्ट के सबसे ताकतवर महासचिव पद तक पहुंच गए। रामलला मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद चंपत राय ने इस्तीफा दे दिया, जिससे महासचिव पद खाली हो गया था। अब पद को संभालने वाले कृष्ण मोहन वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने ट्रस्ट की ओर से चढ़ावा चोरी की सबसे पहली एफआईआर कराई थी।बता दें 73 साल के कृष्ण मोहन दलित समाज के हैं। 1977 बैच के आईएफएस अफसर रहे कृष्ण मोहन साल-2012 में संघ



से जुड़े थे। अभी वह संघ के पूर्वी यूपी के क्षेत्र संघचालक हैं। साल 2024 में जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, तब वह यजमानों में शामिल थे। कृष्ण मोहन मूलरूप से हरदोई के शाहाबाद के रहने वाले हैं। पिता धर्मवीर सिंह भारतीय रेलवे में काम करते थे। उनका निधन हो चुका है। कृष्ण मोहन ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से जियोलॉजी में एमएससी तक पढ़ाई की है। कृष्ण मोहन की शादी कुसुमलता से हुई थी।

# श्रीलंका में कैदियों ने मचाया कत्लेआम 25 को मार डाला

### – सुरक्षाकर्मियों के छीने हथियार, 100 को किया लहूलुहान

**कोलंबो।**

श्रीलंका की सबसे हाई-सिक्योरिटी कही जाने वाली जेल में कैदियों ने कत्लेआम मचा दिया। पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो स्थित इस जेल में भीषण दंगा तब और भयावह हो गया जब दंगाई कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीन लिए, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो गई। अधिकारियों द्वारा जारी प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, इस भयावह हिंसा में कम से कम पच्चीस लोगों ने अपनी जान गंवाई, जबकि सौ से अधिक कैदी और जेलकर्मी घायल हुए हैं। रविवार को शुरू हुई यह भयावह हिंसा अगले दिन सोमवार तक भी जारी रही, इस दौरान दंगाई कैदियों ने जेल के शस्त्रागार पर कब्जा कर लिया, जिससे जेल प्रशासन के लिए हालात बेहद गंभीर हो गए। इस गंभीर स्थिति पर काबू पाने और हिंसा को रोकने के लिए पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और दंगा नियंत्रण इकाइयों को



तुरंत जेल में तैनात किया गया।

इस घटना ने श्रीलंका की जेल सुरक्षा प्रणाली, उसकी क्षमता से अधिक कैदियों की संख्या और जेलों के भीतर कथित आपराधिक नेटवर्कों की उपस्थिति पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। सरकार ने संकेत दिया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर जेल सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक और मूलभूत सुधार किए जा सकते हैं, ताकि ऐसी त्रासदियों को भविष्य में रोका जा सके और जेलों में शांति व व्यवस्था बहाल की जा सके। यह घटना देश की आपराधिक न्याय प्रणाली और जेल प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरी है। इस बीच, श्रीलंका के न्याय मंत्री हर्षणा नानायक्कारा ने इस पूरे घटनाक्रम पर एक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। रविवार को एक मजिस्ट्रेट की देखरेख में प्रारंभिक जांच भी कराई गई, जिसने घटना की गंभीरता को रेखांकित किया। सरकार अब जेल की सुरक्षा व्यवस्था, जेलों के भीतर कथित ड्रग नेटवर्क के पनपने और क्षमता से अधिक कैदियों की भीड़भाड़ जैसी गंभीर समस्याओं की समीक्षा कर रही है।प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि इस घातक झड़प की जड़ें जेल के भीतर सक्रिय दो प्रतिद्वंद्वी कैदी गुटों के बीच गहरे मतभेदों में थीं। अधिकारियों का मानना है कि एक गुट जेल के अंदर मादक पदार्थों की तस्करी का समर्थन करता था, जबकि दूसरा गुट इस अवैध गतिविधि का कड़ा विरोध कर रहा था। यह विवाद देखते ही देखते एक भीषण और हिंसक संघर्ष में बदल गया, जिसने जेल की शांति और व्यवस्था को पूरी तरह भंग कर दिया।

## नौसेना को मिलेगा स्वदेशी स्टेल्थ युद्धपोत महेंद्रगिरि




**विशाखापत्तनम।**

भारतीय नौसेना 11 जुलाई को स्वदेशी स्टेल्थ युद्धपोत महेंद्रगिरि को अपने बेड़े में शामिल करेगी। यह प्रोजेक्ट-17ए श्रेणी का छठा युद्धपोत है, जिसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने किया है। युद्धपोत में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।

यह अत्याधुनिक सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ उन्नत एंटी-सबमरीन युद्ध प्रणाली से लैस है। महेंद्रगिरि के शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा और सामरिक क्षमता को और मजबूती मिलेगी।

यहां बताते चलें कि इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा बनाया गया है।

इसमें 75 फीसद से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसमें सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एंटी-सबमरीन सिस्टम को एड किया गया है। इससे नौसैना और अधिक ताकतवर हो जाएगी।

# पीएम मोदी और राष्ट्रपति सुबियांतो के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

### – रणनीतिक साझेदारी को मिलेगा नया विस्तार

**जकार्ता।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक कर दोनों देशों के संबंधों को नई मजबूती देने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में ऊर्जा, व्यापार, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान वर्ष 2018 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा भी की गई। साथ ही रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी समन्वय को मजबूत करने के साथ-साथ नई संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों और एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में जकार्ता स्थित राष्ट्रपति भवन मर्डेका पैलेस में औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गर्मजोशी से उनका स्वागत करते हुए गले लगाया। समारोह में दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति भवन में स्थित अतिथि पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए, जहां राष्ट्रपति सुबियांतो भी उनके साथ मौजूद रहे।

इंडोनेशिया दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भारत और इंडोनेशिया के राष्ट्रीय ध्वज लेकर खड़े दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनके बीच पहुंचकर हाथ हिलाया, जिससे वहां उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने जकार्ता में मिले विशेष स्वागत का वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए इसे यादगार बताया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो द्वारा स्वयं एयरपोर्ट पहुंचकर किया गया स्वागत उनके लिए बेहद आत्मीय और भावनात्मक अनुभव रहा। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को



और मजबूत करने के लिए सार्थक चर्चा होगी। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरे के दौरान प्रम्बानन मंदिर परिसर में संरक्षण एवं पुनर्स्थापन कार्य शुरू करने की घोषणा भी की जा सकती है, जिससे भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई पहचान मिलेगी।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## जनता बारिश में डूबी, नेता काजू कतली से मुंह मीठा करते रहे

# मूसलाधार बारिश से लोग बेहाल, SMC के पार्षदों ने पदभार ग्रहण समारोह में ढोकला, खमन और इडली-सांभर का लिया आनंद

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। पिछले 24 घंटों से सूरत शहर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। करीब 11 इंच बारिश के कारण शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं और लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में, जब जनप्रतिनिधियों से राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रहने की अपेक्षा थी, उसी दौरान सूरत महानगरपालिका (स्मृ) के पार्षद और नेता नई सरकारी गाड़ियां, आलीशान कार्यालय और विभिन्न समितियों के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के समारोह में व्यस्त नजर आए। इस दौरान उनके लिए विशेष नाश्ते और मिठाइयों की भी व्यवस्था की गई, जिस पर लोगों ने सवाल उठाए हैं।

मौसम विभाग द्वारा सूरत के लिए रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद स्कूल, कॉलेज, मुख्य बाजार, दुकानें और अधिकांश व्यापारिक गतिविधियां बंद रहीं। शहर के कई निचले इलाकों में कहीं घुटनों तक तो कहीं कमर तक पानी भर गया। सड़कों के नदी जैसी स्थिति में बदल जाने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ और लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हो गए।

इसी बीच, नगर निगम के 12 विभिन्न समितियों के अध्यक्षों के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन होने पर लोगों ने सवाल उठाए कि आपदा की घड़ी में जनप्रतिनिधियों को राहत कार्यों में जुटना चाहिए था।

आपदा के बीच पदभार ग्रहण समारोह पर उठे सवाल

लोगों का कहना है कि जब शहर के कई हिस्सों में लोग जलभराव से जूझ रहे थे, तब जनप्रतिनिधि नए पद, सरकारी करते रहे। दूसरी ओर, नगर निगम मुख्यालय में नवनियुक्त समिति अध्यक्षों को बधाइयां देने का सिलसिला चलता रहा।





मुगलिसरा स्थित तापी भवन में सूरत महानगरपालिका की 12 समितियों के अध्यक्षों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शहर में बाढ़ जैसी स्थिति के बीच नागरिकों ने सवाल उठाया कि क्या इस कार्यक्रम को कुछ समय के लिए स्थगित नहीं किया जा सकता था।

सुविधाएं और कार्यालय संभालने के समारोह में व्यस्त थे।

जलभराव से लोग परेशान, निगम कार्यालय में बधाइयों का दौर

शहर की दो प्रमुख खाड़ियां ओवरफ्लो होने से सैकड़ों घरों में पानी भर गया और हजारों लोग राहत की प्रतीक्षा

कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने और तस्वीरें खिंचवाने में व्यस्त दिखाई दिए, जबकि शहर के कई इलाकों में लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे थे।

ढोकला, खमन और इडली-सांभर का आयोजन

सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस कार्यक्रम में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के लिए ढोकला, खमन तथा इडली-सांभर जैसे नाश्ते की व्यवस्था की गई। ऐसे समय में, जब शहर के कई हिस्सों में जलनिकासी की समस्या बनी हुई थी, इस आयोजन को लेकर सोशल मीडिया पर भी कई प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

काजू कतली के पैकेट भी बांटे गए

जानकारी के अनुसार, पदभार ग्रहण समारोह के दौरान विभिन्न समितियों के अध्यक्षों के कक्षों में मिठाइयों की व्यवस्था की गई थी। बताया गया कि मिलने आने वाले समर्थकों और कार्यकर्ताओं के लिए एक-एक किलो के दो-दो काजू कतली के पैकेट रखे गए थे, जिनसे एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया।

इसी बीच, लोगों ने यह सवाल भी उठाया कि जहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री की आवश्यकता थी, वहीं समारोह में मिठाइयों और स्वागत-सत्कार की व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई।

जनता में नाराजगी

इस आयोजन की तस्वीरें और जानकारी सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। कई नागरिकों ने सवाल उठाया कि आपदा के समय जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता राहत और बचाव कार्य होना चाहिए थी।

शहर के कई नागरिकों ने कहा कि संकट की घड़ी में जनता के बीच रहने के बजाय समारोह आयोजित किए जाने से आम नागरिकों में असंतोष और नाराजगी बढ़ी है।

## सूरत में मेघों का तांडव

# पलसाणा में सबसे अधिक 8.03 इंच वर्षा

### 24 घंटे में गुजरात के 107 तालुकों में बारिश

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

गांधीनगर/सूरत। गुजरात में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के 107 तालुकों में



उल्लेखनीय बारिश दर्ज की गई है। दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में मूसलाधार बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। भारी वर्षा से नदियों, चेक डैमों और जलाशयों में पानी की आवक लगातार बढ़ रही है, वहीं किसानों में भी अच्छी बारिश से खुशी का माहौल है।

**पलसाणा में सबसे अधिक 8.03 इंच बारिश**

राज्य में सबसे अधिक वर्षा सूरत जिले के पलसाणा में दर्ज की गई, जहां पिछले 24 घंटों में 8.03 इंच बारिश हुई। इसके अलावा बारडोली में 7.85 इंच, महुवा में 7.64 इंच तथा सूरत जिले के अंबिका क्षेत्र में 6.56 इंच बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के कारण इन क्षेत्रों के कई हिस्सों में जलभराव हो गया।

**वलसाड के उमरगाम और वापी में भी भारी वर्षा**

वलसाड जिले के उमरगाम में 7.84 इंच बारिश दर्ज होने से कई इलाके जलमग्न हो गए। वहीं वापी में 7.56 इंच वर्षा के कारण सड़कों पर पानी भर गया, जिससे आम जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ।

**सौराष्ट्र में भी मेघों की मेहरबानी**

सौराष्ट्र क्षेत्र में भी मानसून ने जोरदार दस्तक दी है। जूनागढ़ जिले के मालिया हाटीना में 7.12 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गीर सोमनाथ के सूत्रापाड़ा में 5.32 इंच, केशोद में 5.28 इंच, मांगरोल में 4.84 इंच तथा भेंसाण में 4.04 इंच वर्षा हुई। लगातार बारिश से नदियों और चेक डैमों में पानी की आवक बढ़ गई है, जिससे किसानों को खेती के लिए लाभ मिलने की उम्मीद है।

**60 तालुकों में एक इंच से अधिक बारिश**

राज्य के कुल 60 तालुकों में 1 इंच से लेकर 8 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि 32 तालुकों में 2 इंच से लेकर साढ़े 8 इंच तक बारिश हुई। भारी वर्षा के चलते कई निचले इलाकों में जलभराव, सड़कों पर पानी भरने और यातायात प्रभावित होने जैसी स्थिति देखने को मिली।

**अभी भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में भी राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## सूरत के ANTM मार्केट के बाहर बारिश के पानी का सैलाब

### करोड़ों का माल बचाने के लिए व्यापारियों की जंग

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। मूसलाधार बारिश ने सूरत के गोडादरा स्थित ANTM मार्केट को जलमग्न कर दिया। मार्केट के बाहर सड़क पर भारी जलभराव होने से करोड़ों रुपये के माल पर संकट मंडराने लगा। दुकानों में पानी घुसने से रोकने के लिए व्यापारियों ने लकड़ी और अन्य सामग्री से अस्थायी अवरोध (बैरिकेड) बनाकर पानी रोकने का प्रयास किया। वहीं ट्रक समेत कई वाहन पानी में फंस गए। लगातार दूसरे दिन हुई बारिश से जनजीवन के साथ-साथ व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस स्थिति ने एक बार फिर सूरत महानगरपालिका की प्री-मानसून तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गोडादरा क्षेत्र स्थित ANTM मार्केट के बाहर सड़क पर भारी मात्रा में बारिश का पानी जमा हो गया। करोड़ों रुपये के कपड़ा और अन्य सामान को नुकसान से बचाने के लिए व्यापारियों ने दुकानों के प्रवेश द्वार पर लकड़ी और अन्य सामग्री लगाकर पानी को अंदर आने से रोकने की कोशिश की। सड़क पर जलभराव इतना अधिक था कि ट्रक सहित कई वाहन बीच रास्ते में ही बंद हो गए और कई वाहन आधे तक पानी में डूब गए।

लगातार दूसरे दिन हुई भारी बारिश से सूरत का जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं शहर के प्रमुख उद्योगों में शामिल कपड़ा कारोबार पर भी इसका गंभीर असर देखने को मिला। टेक्सटाइल मार्केट के बाहर मुख्य सड़क पर पानी का स्तर इतना बढ़ गया कि एक ट्रक बीच सड़क पर ही बंद पड़ गया। कई कारें, टेंपो और अन्य वाहन पहियों से लेकर आधे हिस्से तक पानी में डूब गए, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण यातायात भी पूरी तरह बाधित हो गया।

मार्केट के पार्किंग क्षेत्र और ग्राउंड फ्लोर की दुकानों में रखे करोड़ों रुपये के माल को बारिश के पानी से बचाने के लिए व्यापारी और कर्मचारी युद्धस्तर पर जुट गए। कुछ लोग दुकानों से पानी बाहर निकालते नजर आए, जबकि कई व्यापारियों ने अस्थायी बैरिकेड बनाकर पानी रोकने की कोशिश की। भारी बारिश के बीच अपने माल को सुरक्षित रखने के लिए व्यापारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## नवसारी में बारिश का कहर

# पूर्णा नदी में सुपा-कुरेल पुल डूबा 10 गांवों का संपर्क टूटा

# 26 सड़कें बंद रेड अलर्ट के बीच स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

नवसारी। नवसारी जिले और उसके ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लोकमाता पूर्णा नदी के उफान पर आने से सुपा-कुरेल को जोड़ने वाला लो-लेवल पुल पूरी तरह बाढ़ के पानी में डूब गया है। इसके चलते इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद हो गया है और आसपास के लगभग 10 गांवों का सीधा संपर्क टूट गया है। स्थानीय लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है।

**रेड अलर्ट के बीच स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ियों में छुट्टी**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुपा-कुरेल मार्ग को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुल के दोनों ओर पुलिस बल तैनात कर बैरिकेडिंग की गई है।

मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी के साथ रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद जिला कलेक्टर मनीष गुरुवाणी ने देर रात सोशल मीडिया के माध्यम



से सभी आंगनवाड़ियों, स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया। हालांकि, आधिकारिक आदेश के बावजूद कुछ निजी स्कूल सुबह खुले होने की जानकारी भी सामने आई है।

**26 पंचायत मार्ग यातायात के लिए बंद**

सड़क एवं भवन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सुबह 8 बजे तक जिले के कुल 26 पंचायत मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिए गए हैं। इनमें नवसारी तालुका के 13 मार्ग, जलालपोर और गणदेवी के 5-5 मार्ग, जबकि चिखली, खेरगाम और वांसदा के 1-1 मार्ग शामिल हैं। अधिकांश सड़कों पर नदी-नालों का पानी बहने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। वहीं मंदिर मोघार रेलवे अंडरपास में पानी भर जाने से एक अन्य मार्ग भी बंद करना पड़ा है।

आज सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच भी जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान गणदेवी में 25 मिमी, वांसदा में 20 मिमी, नवसारी में 19 मिमी, जलालपोर में 15 मिमी, चिखली में 12 मिमी और खेरगाम में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

लगातार बारिश के कारण नदियों और जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। पूर्णा नदी का जलस्तर 10 फीट, अंबिका नदी का 14.92 फीट और कावेरी नदी का 9.50 फीट तक पहुंच गया है।

हालांकि, तीनों नदियां अभी भी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। जिले के जूज और केलिया बांधों में भी लगातार पानी की आवक बढ़ रही है। जूज बांध का जलस्तर 150.11 फीट तथा केलिया बांध का 100.10 फीट दर्ज किया गया है, जो धीरे-धीरे ओवरफ्लो स्तर की ओर बढ़ रहा है।

जिला प्रशासन ने नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए अगले कुछ घंटों में स्थिति और गंभीर हो सकती है, इसलिए पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है।

